राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

D.O. No.: RN/2025/66
Dated: 15.01.2025

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि **"राष्ट्रीय पुस्तक न्यास"** इस बार **भारत : गणतंत्र@75** की थीम पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में **"32वें विश्व पुस्तक मेला"** का आयोजन कर रहा है। यह मेला ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब पूरा विश्व **महाकुंभ** में आस्था की डुबकी लगा रहा है। पुस्तक प्रेमियों के लिए यह मेला भी एक ऐसा ही महाकुंभ है, जिसमें उनकी ज्ञान तृष्णा को बुझाने के लिए विविध भाषाओं और विषयों पर देश-विदेश के लेखकों की किताबें एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

मैं **रूस** को इस मेले में सम्मानित अतिथि देश के रूप में शामिल होने पर बधाई देता हूं। यह दोनों देशों के दशकों पुराने मजबूत संबंधों को और आगे ले जाएगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस मेले में पुस्तक प्रेमिकों को तेजी से विकसित होते भारत और उसकी विविधता में एकता की झलक मिलेगी। साथ ही यह मेला जनमानस में साहित्य के प्रति लगाव बढ़ाने में भी सफल होगा।

मैं पुस्तक मेले के सफल आयोजन की कामना करता हूं और इसमें शामिल सभी प्रकाशकों, मुद्रकों, वितरकों और लेखकों को इसके लिए बधाई प्रेषित करता हूं।

(विनय कुमार सक्सेना)